प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. सुप्रीम कोर्ट की अपील पर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या के विरोध में जारी चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त, रांची के रिम्स में ओपीडी सेवा और ऑपरेशन शुरू।

2. एटीएस की छापेमारी में झारखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से अल कायदा आतंकवादी मॉडयूल से जुड़े 11 संदिग्ध गिरफ्तार, रांची का डॉ इश्तियाक है मास्टरमाइंड।

3. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड सरकार को हर मोर्चे पर बताया विफल, युवा आक्रोश रैली में रांची आनेवाले कार्यकर्ताओं को रोकने का लगाया आरोप।

4. झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने कहा– कोल्हान की सभी 14 विधानसभा सीटों पर है नजर, आगे के सफर के लिए अच्छे साथी की है तलाश।

5. राष्ट्र आज मना रहा है पहला अंतरिक्ष दिवस, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुख्य समारोह का करेंगी उद्घाटन।

****

सुप्रीम कोर्ट की अपील पर देशभर के जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ले ली है। इससे पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और कोलकाता पुलिस ने कोलकाता के राधा गोबिन्द कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में शीर्ष न्यायालय के समक्ष स्थिति रिपोर्ट दायर की। इस मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चन्द्रचूड ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह किया था।

इधर रिम्स में पिछले 10 दिनों से चल रही जूनियर डाक्टरों की हड़ताल समाप्त हो गई है। आज से डॉक्टर काम पर लौट जाएंगे और ओपीडी सेवा पहले की तरह शुरू हो जाएगी। साथ ही भर्ती मरीजों की नियमित सर्जरी भी शुरू होगी।

****

दिल्ली पुलिस ने कहा है कि अल–कायदा से प्रेरित आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के पुलिस बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल और एटीएस ने अल–कायदा से प्रेरित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। रांची के डॉ. इश्तियाक के नेतृत्व वाले मॉड्यूल का उद्देश्य खिलाफत स्थापित करना और भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना था। पुलिस ने मौके से कई सामान जब्त किए जिनमें एक एके–47 राइफल, एक 38 बोर रिवॉल्वर, एक एयर राइफल, एक हैंड ग्रेनेड और एके–47 के छह जिंदा कारतूस और अन्य सामान शामिल हैं।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन से पहले नई दिल्ली में क्रिएट इन इंडिया चौलेंज–सीजन वन का शुभारंभ किया। श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास और तकनीकी प्रगति को दर्शाते हुए 25 महत्वपूर्ण क्षेत्रों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विकास होने से क्रिएटर इकनॉमी को काफी बढ़ावा मिला है।

****

केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में हेमन्त सोरेन सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है।

श्री चौहान ने आरोप लगाया है कि आज होनेवाली भारतीय जनता युवा मोर्चा की युवा आक्रोश रैली में आने वाले कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है।

शिवराज सिहं चौहान ने कहा कि चम्पाई सोरेन झामुमो के संस्थापक सदस्य रहे हैं। शिबू सोरेन के साथ उन्होंने मिलकर काम किया है। अब उन्हें अपमानित किया जा रहा है।

****

झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने जल्द ही मंत्रिमंडल और पार्टी से इस्तीफा देने के संकेत दिये हैं। श्री सोरेन ने कहा कि वे कोल्हान की सभी 14 विधानसभा सीटों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे साथी की तलाश है और अच्छे साथी जुड़ भी रहे हैं।

****

झारखंड निर्वाचन आयोग के निर्देश पर खूंटी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बैठक कर सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है।

****

जामताड़ा जिले में अभियान चलाकर पौधरोपण किया जा रहा है।

****

जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ने के बाद लापता हुए विमान का अब तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि चांडिल डैम में तलाशी अभियान के दौरान विमान पर सवार कैप्टन जीत शत्रु आनंद और ट्रेनी पायलट सुभ्रोदीप दत्ता का शव डैम से बरामद कर लिया गया है। एसडीम शुभ्रा सरकार ने इसकी पुष्टि की है। भारतीय नौसेना की टीम आज भी विमान की तलाश करेगी।

****

देशभर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।

****

राजधानी रांची, कोडरमा समेत राज्य के कई जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान रुक रुककर बारिश हो रही है। वहीं कोडरमा के मेघातरी स्थित कुसहना गांव में बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया और पूरे इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इधर मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्यभर में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने एटीएस की छापेमारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– रांची का डॉक्टर इश्तियाक निकला अल कायदा मॉड्यूल का लीडर, झारखंड में 16 जगहों पर छापा, चार गिरफ्तार।

हिंदुस्तान लिखता है– रांची के डॉक्टर समेत आठ संदिग्ध पकड़े गए।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– रांची का डॉ इश्तियाक अलकायदा मॉड्यूल का मास्टरमाइंड निकला।

दैनिक जागरण ने लिखा है– रांची का डॉक्टर निकला आतंकियों का सरगना।

रांची एक्सप्रेस ने मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रथम किस्त जारी होने की खबर को प्रमुखता दी है।

अंग्रेजी अखबर द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने उच्चतम न्यायालय में कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले पर सुनवाई की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

****